No. of Questions – 22
No. of Printed Pages - 02

Roll No. (नामांक) -

अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2017–18

कक्षा – 8 (आठवीं)

समय – 2.30 घण्टे **विषय – हिन्दी** **पूर्णांक – 50 अंक**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :–

1. **परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।**
2. **सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं।**
3. **प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में ही लिखें।**

(खण्ड – अ)

1. "मुझे खेतों में अच्छा लगता है। यहाँ सचमुच जीवन है, शान्ति है, सुख है।" किसने कहा– 01
(अ) किसान ने (ब) छोटे अफसर ने (स) बड़े अफसर ने (द) लेखक ने ( )
2. डॉ. चंद्रा को माइक्रोबायोलॉजी में पी.एच.डी. मिली– 01
(अ) 1976 ई. में (ब) 1977 ई. में (स) 1967 ई. में (द) 1966 ई. में ( )
3. राँध्यो का अर्थ है– 01
(अ) सेकना (ब) पकाना (स) रमना (द) राग अलापना ( )
4. लोकमान्य तिलक को बीमारी थी– 01
(अ) मधुमेह की (ब) हृदय की (स) श्वास की (द) कोई भी नहीं ( )
5. अब्दुल कलाम के जन्म स्थान का संबंध जिस राज्य से है, वह है– 01
(अ) कर्नाटक (ब) केरल (स) उड़ीसा (द) तमिलनाडु ( )
6. अखंड भारत का प्रांत था– 01
(अ) सक्खर (ब) जरवारन (स) काबुल (द) सिंध ( )
7. निश्चयवाचक सर्वनाम कौन–सा है– 01
(अ) कौन (ब) क्या (स) कोई (द) यह ( )
8. 'रवीन्द्र' का सन्धि–विच्छेद होगा– 01
(अ) रवि+इन्द (ब) रव+इन्द्र (स) रवि+इन्द्र (द) रवी+इन्द्र ( )

(खण्ड – ब)

9. निम्न में से किन्ही चार शब्दों के विलोम शब्द लिखिए– 02
जल, वैर, साकार, साध्य, सम्मान, आयात।
10. निम्न में से किन्ही दो शब्दों के दो–दो पर्यायवाची शब्द लिखिए– 02
चन्द्रमा, सूर्य, कपड़ा, पवन।
11. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ स्पष्ट करते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए– 02
(अ) लोहा लेना।
(ब) जान हथेली पर लेकर चलना।
12. समास की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 02
13. सुदामा श्रीकृष्ण के लिए भेंट–स्वरूप क्या ले गये थे? 02
14. 'हल्दीघाटी का जुझार' से क्या व्यंजना की गई है? 04
15. सन्त कँवरराम स्वावलम्बी व्यक्ति थे, उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 04
16. गोमूत्र के औषधीय उपयोग से ठीक होने वाले रोगों के नाम लिखिए। 04

(खण्ड – स)

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

किसान खेत से चने के पौधे उखाड़ने लगा। छोटा अफसर उसके सिर पर तना पड़ा था। इधर मैं और बड़ा अफसर चहलकदमी करते रहे। वह बोला, ''मुझे खेतों में अच्छा लगता है। यहाँ सचमुच जीवन है, शान्ति है, सुख है।'' वह जाने क्या–क्या बोलने लगा।

17. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। 02
18. छोटा अफसर किसके सिर पर खड़ा था? 02

कृ.पृ.उ.

www.rajteachers.com

19. लेखक क्या कर रहा था? 02

20. बड़ा अफसर लेखक से क्या बोला? 02

अथवा

निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए– 08

बिना बिचारे जो करै, सो पाछै पछताय।
काम बिगारे आपनो, जग में होत हँसाय।।
जग में होत हँसाय, चित्त में चैन न पावै।
खान–पान सम्मान, राग–रँग मनहिं न भावै।।
कह गिरधर कविराय, दुःख कछु टरत न टारे।
खटकत हैं जिय माहिं, करै जो बिना बिचारे।।

(खण्ड – द)

21. शैक्षिक भ्रमण पर जाने हेतु आपके विद्यालय के प्रधानाध्यापकजी से अनुमति प्राप्त करने के लिए प्रार्थना–पत्र लिखिए। 06

अथवा

पुस्तकें खरीदने हेतु रूपये मँगवाने के लिए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए।

22. निम्नलिखित में से किसी एक प्रसंग पर 200 शब्दों में निबन्ध लिखिए। 06

(अ) मोबाईल का बढ़ता प्रचलन (ब) गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी)

www.rajteachers.com